# ग्रामीण कार्य विभाग
## बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण,पटन

पत्रांकः— मु0अ0—4 प्रधानमंत्री—57 / 2005—Part-II -4359 अनु0     पटना / दिनांकः— 11/09/2025

प्रेषक,

संजीव कुमार
प्रशासनिक पदाधिकारी,
बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण, पटना।

सेवा में,

अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव,
अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग
सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग
सभी नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग
अधीक्षण अभियंता—सह—राज्य गुणवत्ता समन्वयक,
सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल
सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल

**विषयः— बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण की 25वाँ आम सभा बैठक की सूचना।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि दिनांक—24.09.2025 (बुधवार) को पूर्वाहन 10:00 बजे से बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण के 25वाँ आम सभा की बैठक दशरथ मांझी सभागार (वेटनरी कॉलेज के नजदीक) पटना में आहूत की गयी है।

अतः आप सभी सदस्यों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त बैठक में भाग लेने की कृपा करें।

अनु0 :— बैठक की कार्यावली।

विश्वासभाजन

11/9/25

(संजीव कुमार)
प्रशासनिक पदाधिकारी, ब्राडा

ज्ञापांक— मु0अ0—4 प्रधानमंत्री—57 / 2005—Part-II -4359     पटना / दिनांकः— 11/09/2025

प्रतिलिपिः— M/s Jaiswal Brajesh & Co वैधानिक अंकेक्षक, ब्राडा को आमंत्रण हेतु प्रेषित।

11/9/25

प्रशासनिक पदाधिकारी, ब्राडा

ज्ञापांक– मु0अ0–4 प्रधानमंत्री–57 / 2005–Part-II–4359 पटना / दिनांकः– 11/09/2025
प्रतिलिपिः– अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा को सूचनार्थ समर्पित।

11/9/25
प्रशासनिक पदाधिकारी, ब्राडा

ज्ञापांक– मु0अ0–4 प्रधानमंत्री–57 / 2005–Part-II - 4359 पटना / दिनांकः– 11/09/2025
प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव–सह–उपाध्यक्ष, ब्राडा को सादर सूचनार्थ समर्पित।

11/9/25
प्रशासनिक पदाधिकारी, ब्राडा

ज्ञापांक– मु0अ0–4 प्रधानमंत्री–57 / 2005–Part-II - 4359 पटना / दिनांकः– 11/09/2025
प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव को माननीय मंत्री के अवलोकनार्थ समर्पित।

11/9/25
प्रशासनिक पदाधिकारी, ब्राडा

## ग्रामीण कार्य विभाग
## बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण, पटना
## ब्राडा के प्रस्तावित 25वीं आम सभा की बैठक की कार्यावली

**एजेंडा–1**. दिनांक–22.11.2024 को माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग–सह–अध्यक्ष, ब्राडा की अध्यक्षता में सम्पन्न ब्राडा के 24वें आम सभा के बैठक की कार्यवाही पर सम्पुष्टि प्राप्त करना।

**एजेंडा–2.** मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत MMGSY NDB-BRICS परियोजना के वित्तीय वर्ष 2023–24 के अंकेक्षित Project Financial Statement को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–27.12.2024** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आमसभा सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–3.** मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत MMGSY-WB परियोजना के योजना अविध 2023–24 (अप्रैल, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक) के अंकेक्षित Project Financial Statement को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–27.12.2024** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आमसभा सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–4.** महाप्रबंधक (प्रशासन) ब्राडा के पद पर डॉ0 फातेह फैयाज सेवानिवृत संयुक्त सचिव की संविदा आधारित नियुक्ति की प्रक्रिया को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–5.** बजट भाषण–2025 हेतु क्रय किये गये विभिन्न वस्तुओं तथा बजट भाषण इत्यादि के मुद्रण पर रू0 6,76,797/– मात्र किये गये व्यय के प्रस्ताव को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदन प्राप्त किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–6.** विधान सभा सदस्यों हेतु क्रय किये गये 350 अद्द Opthalmic Physio Relaxant (Eye Massager with Bluetooth Music System) जिसकी कुल लागत रू0 29,40,000/– मात्र के व्यय पर कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदन प्राप्त किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–7.** पूर्व से पुराने सचिवालय ब्लॉक ए एनेक्सी भवन स्थित ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यालय के साफ–सफाई हेतु Agrawal Trading Corporation के साथ एकरारनामा संपादित किया गया था। एकरारनामा में निर्धारित दर 20 रू0 प्रति वर्ग फिट (कर अतिरिक्त) है।

दैनिक साफ–सफाई के गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए क्रांति मार्ग बैरक नं0–03 में अवस्थित ब्राडा भवन के साफ–सफाई का कार्य पूर्व निर्धारित दर एवं शर्तों पर Agrawal Trading Corporation से कराने के प्रस्ताव पर अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग का अनुमोदन प्राप्त कर माह जनवरी–2025 में Agrawal Trading Corporation के साथ एकरारनाम संपादित किया गया एवं एकरारनामा के शर्तों के अनुरूप माह फरवरी–2025 से साफ–सफाई का कार्य किया जा रहा है।

उक्त एकरारनामा पर अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदन प्राप्त किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित उक्त प्रस्ताव को आम सभा द्वारा अंगीकृत करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–8.** ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु बिहार दिवस, 2025 के अवसर पर गाँधी मैदान, पटना में विभागीय पवेलियन का अधिष्ठापन निविदा प्रक्रिया के माध्यम से चयनित सेवा प्रदाता Agrawal Eventors से कराया गया। इस कार्यक्रम पर कुल राशि रू0 31,98,980/– मात्र का व्यय हुआ। उक्त व्यय पर अनुमोदन प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदन प्राप्त किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–9.** हरिहर क्षेत्र में वर्ष–2024 में विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला का आयोजन दिनांक–13 नवम्बर, 2024 से 14 दिसम्बर, 2024 तक किया गया था जिसमें ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा अपने कार्यों के प्रचार–प्रसार हेतु एक स्टॉल अधिष्ठापित किया गया था। जिसपर कुल राशि रू0 15,06,240/– (कर अतिरिक्त) का व्यय किया गया है। अधिष्ठापित स्टॉल पर किये गये व्यय को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदन प्राप्त किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–10.** दिनांक–22.11.2024 को सम्पन्न आमसभा की बैठक के उपरान्त विभाग के विभिन्न कोषांगों हेतु क्रय किए गए कम्प्यूटर, प्रिन्टर इत्यादि जिसकी कुल राशि रू0 25,28,254/– के प्रस्ताव को अनुमोदनार्थ कार्यकारिणी समिति के समक्ष (अनुलग्नक–1) उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–11**. दिनांक–22.11.2024 को सम्पन आमसभा की बैठक के उपरान्त विभाग के विभिन्न कोषांगों हेतु क्रय किये गये furniture एवं Electronic Item इत्यादि के प्रस्ताव को अनुमोदनार्थ कार्यकारिणी समिति के समक्ष (अनुलग्नक–2) उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–12.** वित्तीय वर्ष 2023–24 के बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण एवं 108 कार्य प्रमण्डलों के समेकित वित्तीय विवरणी प्रतिवेदन को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया जिसपर कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

वैधानिक अंकेक्षण द्वारा उठाये गये आपत्तियों पर समिति द्वारा गहन विचार विर्मश किया गया तथा निर्णय लिया गया कि वैधानिक अंकेक्षक द्वारा उठाये गये आपत्तियों का निराकरण कार्य प्रमण्डल द्वारा शीघ्र कर लिया जाए। उक्त प्रस्ताव को **दिनांक–10.06.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया है, जिसपर समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–13.** ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संवेदको से कराये जा रहे कार्य अनुबंधों जिनका प्राक्कलन VAT एवं Central Excise के SOR पर आधारित है तथा कार्य GST regime में कराया गया है, उन मामलों में GST के अन्तर्राशि के भुगतान से पूर्व दावों की जॉच एवं सत्यापन विभाग द्वारा BRRDA के माध्यम से अनुबंधित परामर्शी फर्म M/s SKKSS & Co से कराया जा रहा है। दिनांक–18.07.2022 के प्रभाव से कार्य अनुबंधों पर GST दर 12% से 18% कर दिया गया है। ऐसे अनुबंधों में GST के बढ़े हुए दायित्व के दावों की जॉच भी GST परामर्शी से कराया जाता है। ग्रामीण कार्य विभाग में ऐसे मामलों की संख्या काफी अधिक है। प्रमण्डलों द्वारा अब तक कुल 1825 मामले BRRDA के माध्यम से परामर्शी फर्म M/s SKKSS & Co को भेजा गया है, जिसमें से कुल 733 मामलों का निष्पादन किया गया है तथा दावा के जाँचोपरान्त राशि **रू0 25.93 करोड़ का बचत किया गया है**। M/s SKKSS & Co के 02 वर्षो का कार्यकाल दिनांक–31.01.2025 को पुर्ण हो चुका है। माननीय मंत्री–सह–अध्यक्ष, ब्राडा की अनुमति से विभागीय GST परामर्शी फर्म M/s SKKSS & Co. के कार्यकाल को पूर्व निर्धारित दर एवं सेवा शर्तो के आधार पर अगले 03 वर्षो के लिए विस्तारित करने के निर्णय को आमसभा में अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने के प्रस्ताव को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–14**. विभागीय GST परामर्शी फर्म M/s SKKSS & Co. को दिनांक–22.11.2024 को सम्पन्न आमसभा की बैठक के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2024–25 तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में अब तक भुगतान का सार निम्नवत् है:–

Sby

| क्र0 स0 | विवरणी | माह / शीर्ष | राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | Part 1: Designing Policy Frame work & Settlement of GST, VAT & Other Claims. | PMGSY & Other then PMGSY | रू 48,85,200 /–<br>रू 2,19,53,900 /–<br>रू 42,48,000 /– |
| 2 | Part 2 : Monitoring & Verification of GST paid to contractors for Tendered/Contractual work & Compliances of GST Laws & Clrculars issued by Government. | October 2024 (03-12-2024)<br>November 2024 (13-02-2025)<br>December 2024 (13-03-2025)<br>January 2025 (05-05-2025)<br>Fubruary 2025(05-05-2025) | रू 96,46,500 /–<br>रू 96,46,500 /–<br>रू 96,46,500 /–<br>रू 96,46,500 /–<br>रू 96,46,500 /– |

उक्त भुगतान को कार्यकारिणी समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–15.** वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए नये वैधानिक अंकेक्षण फर्म का चयन निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। जिसमें M/s KRA & Co. चार्टर्ड एकाउटेंट फर्म को चयनित किया गया है, के चयन प्रक्रिया को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** सम्पन्न कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–16** नए चयन प्रकिया के अनुसार विभाग द्वारा सूचीबद्ध किए गए 51 DPR परामर्शी फर्मो के साथ ब्राडा द्वारा किये गये एकरारनामा पर स्वीकृति के प्रस्ताव को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–17.** दिनांक–15.06.2025, दिनांक–23.06.2025, दिनांक–25.06.2025 तथा दिनांक–30.06.2025 को ज्ञान भवन, पटना स्थित सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम / कार्यशाला के अवसर पर BRRDA कार्यालय द्वारा सभा स्थल को आरक्षित करने, सभा स्थल की सजावट, कार्यक्रम में भाग लेने वाले कर्मियों / पदाधिकारियों के भोजनादि की व्यवस्था करने, पुस्तक / पुस्तिकाओं के मुद्रण इत्यादि पर किये गये व्यय पर अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–04.09.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया (अनुलग्न–3)।

Shg

**कार्यकारिणी समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–18** दिनांक–12.05.2025 एवं 17.07.2025 को संवाद भवन में विभागीय योजनाओं के शिलान्यास, कार्यारम्भ एवं लोकार्पण के अवसर पर कार्यक्रम स्थल के सजावट एवं कार्यक्रम प्रबंधन एवं इस अवसर पर तैयार किये गये विभागीय वृत चित्र के लिए किए गए कुल व्यय राशि रू 9,95,283/– के प्रस्ताव को कार्यकारिणी समिति के अनुमोदनार्थ उपस्थापित किया गया, उक्त पर **दिनांक–04.09.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–19.** आउटसोर्स (वाह्य) सेवा प्रदाता के माध्यम से ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत विभिन्न कोषांगो/कार्यालयों/ब्राडा कार्यालय में अस्थायी कर्मियों यथा सहायक आई0टी0 प्रबंधक, स्टेनोग्राफर, एकान्टेंट, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, परिचारी, स्वीपर, वाहन चालक इत्यादि की सेवा ली जा रही है। विभिन्न कोषांगो से प्राप्त अधियाचना के आधार पर BRRDA के कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत सेवा प्रदाता एजेन्सी को इन कर्मियों की सेवा उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है। **दिनांक–22.11.2024** को सम्पन्न आम सभा की बैठक के उपरांत अंतिम कार्यकारिणी बैठक की तिथि अर्थात **दिनांक–04.09.2025** तक **अनुलग्क–4** में वर्णित अस्थायी कर्मियों की सेवा वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से ली गयी है।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रद्त अनुमोदन पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–20.** दिनांक–22.11.2024 को सम्पन्न आमसभा की बैठक के बाद ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए कार्य प्रमण्डलों को ब्राडा द्वारा माह–अगस्त, 2025 तक निर्गत आवंटन प्राधिकार (विवरण अनुलग्नक–5 में) को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–10.06.2025** एवं **दिनांक–04.09.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–21** अपर मुख्य सचिव महोदय से प्राप्त अनुमोदन के आलोक में विभागीय पदाधिकारियों एवं विभिन्न पदों पर संविदा पर नियोजित पदाधिकारियों को ब्राडा कार्यालय के द्वारा वाहन की सुविधा उपलब्ध कराया गया है जिसकी सूची **अनुलग्नक–6** में संलग्न है। उक्त प्रस्ताव को **दिनांक–10.06.2025 एवं दिनांक–04.09.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–22** सेवा प्रदाता एजेंसी में0 श्री सर्विसेज के द्वारा बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण (BRRDA) के माध्यम से आउटसोर्स के आधार पर विभिन्न कोटि के कर्मियों की सेवा ग्रामीण कार्य विभाग के विभिन्न कार्यालयों/क्षेत्रीय कार्यालय में उपलब्ध कराई जा रही है। में0 श्री सर्विसेज के साथ निष्पादित एकरारनामा की अवधि माह–जुलाई, 2025 तक है।

नये सेवा प्रदाता के चयन हेतु निविदा आमंत्रित की गई है जिसका निष्पादन प्रक्रियाधीन है। नये सेवा प्रदाता के चयन होने तक के लिए सेवा प्रदाता एजेंसी में0 श्री सर्विसेज के कार्यकाल को पूर्ण निर्धारित दर एवं सेवा शर्तों के आधार पर विस्तारित करने के प्रस्ताव को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–04.09.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–23** ग्रामीण कार्य विभाग के क्षेत्राधीन सभी कार्य प्रमण्डलों में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुद्धढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम तथा अन्य योजनान्तर्गत बड़ी संख्या में कार्यों की स्वीकृति दी गई है। जिसके निरीक्षण हेतु क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय एवं कार्य अवर प्रमण्डलों में पदस्थापित सभी सहायक अभियंताओं को स्थानीय व्यवस्थान्तर्गत मासिक भाड़े पर 01–01 अदद वाहन (Bolero एवं समकक्ष वाहन तथा इंधन) उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जिसके विरूद्ध 06 माह का अग्रिम राशि रू 6,71,40,000/– मात्र का आवंटन MMGSUY के प्रशासनिक व्यय मद से निर्गत किया जा चुका है, के प्रस्ताव को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–04.09.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–24** ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत कनीय अभियंताओं का कुल स्वीकृत पद 1396 है, जिसके विरूद्ध वर्तमान में कुल 554 पद रिक्त है। रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु अधियाचना विभागीय पत्रांक–5652, दिनांक–29.05.2025 द्वारा बिहार तकनीकी सेवा आयोग को भेजी जा चुकी है।

अतः नियमित नियुक्ति की प्रत्याशा के आलोक में अनुबंध के आधार पर तकनीकी पर्यवेक्षकों का नियोजन सेवा प्रदाता एजेंसी Dreamline Technologies Pvt. Ltd. एवं Prakhar Knowteq Consortium का अनुबंध अवधि पूर्व निर्धारत सेवा शर्त के आधार पर ग्यारह माह के लिए विस्तारित करने का प्रस्ताव विभाग द्वारा संचिका उपस्थापित कर अपर मुख्य सचिव महोदय का अनुमोदन प्राप्त किया गया है, को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसपर **दिनांक–04.09.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से सम्पुष्टि प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

**एजेंडा–25** ग्रामीण कार्य विभाग के विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों को लोगो के बीच प्रचारित करने हेतु 90 Second का 20 वृत चित्र/लघु फिल्म श्रृंखला के निर्माण एवं प्रसारण Network18 के द्वारा किया गया है, जिसका अनुमोदित दर राशि रू 1,23,90,000/– (कर सहित) मात्र का भुगतान Network18 को किया जाना है। उक्त प्रस्ताव को कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया

गया, जिसपर **दिनांक—04.09.2025** को सम्पन्न कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यकारिणी समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव पर आम सभा की सम्पुष्टि प्राप्त करने का प्रस्ताव है।**

धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात आमसभा की बैठक को समाप्त किया गया।